वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा।

कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय के आयोजना मंडल की 14 वीं बैठक दिनांक 30 अप्रेल 2012 को अपरान्ह पूर्व 11.00 बजे विश्वविद्यालय के जयपुर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र पर आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रो0 नरेश दाधीच कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	अध्यक्ष
2. प्रो0 सुरजीत सिंह निदेशक, इंस्टीट्युट आफ डवलपमेंट स्टेडीज जयपुर।	सदस्य
3. प्रो0 बी0के0 शर्मा आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।	सदस्य
4. डा0 श्रीमती कमलेश शर्मा निदेशक ,योजना एवं विकास विभाग वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सदस्य
5. श्री जेड0 बी0 मिर्जा कुलसचिव वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सदस्य सचिव

आवश्यक गणापूर्ति के बाद माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदन को यह सूचित किया कि आयोजना मंडल में प्रबंध मंडल द्वारा नामित सदस्य प्रो0 एम0 के0 घड़ोलिया का प्रबंध मंडल में कार्यकाल पूर्ण हो जाने के कारण उनके स्थान पर प्रबंध मंडल के नामिनी के रूप में प्रो0 बी0 के0 शर्मा को आयोजना मंडल का सदस्य मनोनीत किया गया है, उक्त जानकारी के बाद सदन द्वारा प्रो0 एम0 के0 घड़ोलिया को कार्यकाल पूर्ण होने पर धन्यवाद देते हुए प्रो0 बी0 के0 शर्मा का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् बैठक हेतु सदन के पटल पर प्रस्तुत कार्यसूची विवरण पर बिंदुवार

चर्चा प्रारंभ करवाने के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय के निर्देशों के कम में बिंदुवार चर्चा प्रारंभ प्रारंभ करते हुए निम्नानुसार निर्णय किये गये:–

14/01 आयोजना मंडल की 13वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

आयोजना मंडल की 13वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

14/02 आयोजना मंडल की 12वीं एवं 13वीं बैठक के निर्णयों के कम में अनुपालना प्रतिवेदन।

आयोजना मंडल की 12वीं एवं 13वीं बैठकों में लिए गए निर्णयों के कम में प्रस्तुत अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।

14/03 वर्ष 2012 को विश्वविद्यालय के रजत जंयति वर्ष के रूप में मनाये जाने सम्बन्धी चर्चा।

प्रस्तुत कार्यसूची विवरण का अवलोकन करते हुए बिंदु संख्या 01 में उच्च शिक्षा क्षेत्र के स्थान पर उच्च शिक्षा विषय, दूरस्थ शिक्षा पद्वति पर विविध आयामों एवं उपयोगिता विषय पर वर्ष भर में कुल 12 व्याख्यानमाला एवं बिंदु संख्या 02 में अंतराष्ट्रीय सेमीनार/कान्फ्रेंस का आयोजन करने के संशोधन के साथ प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

14/04(1) विश्वविद्यालय में प्रवेश एवं परीक्षा सम्बन्धी कार्य सहित अन्य प्रमुख कार्यो को आनलाइन करवाने सम्बन्धी कार्यवाही की जानकारी एवं पुष्टि का प्रस्ताव।

प्रवेश एवं परीक्षा सम्बन्धी कार्य सहित अन्य कार्यो को आनलाइन करवाए जाने का अनुमोदन किया गया।

तत्पश्चात् आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त घोषित की गई।

कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव
आयोजना मंडल